## महत्वपूर्ण एवं खास

### ग्राम पलेवा में तेंदुए के हमले से एक बुजुर्ग की हुई मौत, ग्रामीणों में दहशत

**कांकेर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के उत्तर बस्तर संभाग के कांकेर जिले के सुदूर वनांचल गावो में इन दिनों तेंदुआ का दहशत देखा जा रहा है शुक्रवार की रात एक 72 वर्षीय ग्रामीण पर तेंदुए ने हमला कर दिया जिससे ग्रामीण की मौत हो गयी है। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला चारामा वन परिक्षेत्र का है जहां ग्राम-पलेवा निवासी गाणाराम जुर्री उम्र 72 वर्ष बीती रात अपने घर मे सोए हुए थे,तभी गांव से 200 मीटर की दूरी पर स्थित जंगल से एक तेंदुआ आया और बुजुर्ग ग्रामीण पर हमला कर दिया। तेंदुआ बुजुर्ग को घसीटते हुए जंगल की ओर ले जा रहा था तभी ग्रामीणों की आवाज सुन तेंदुआ बुजुर्ग ग्रामीण को छोड़ जंगल की ओर भाग निकला। तेंदुए की हमले से लहूलुहान ग्रामीण को रात में ग्रामीणों की मदद से चारामा अस्पताल लाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । वन परिक्षेत्र अधिकारी एस आर सिंह ने बताया शनिवार की सुबह 8 बजे घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे थे अभी भी वन अमला गांव में मौजूद है। मृतक के परिजनों को 6 लाख मुआवजा राशि मिलने की बात कही है,,वही घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

### कारोबारी से मांगा 10 रुपये,नही देने पर बेटी को किडनैप करने की दी धमकी

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के एक कारोबारी से फिरौती का मामला सामने आया है। फोन कॉल से कारोबारी दहशत में है। अज्ञात कॉलर द्वारा उसके बेटी को कभी भी उठा लेने की धमकी दी गई है। बेटी की अपहरण करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग की है। यह फोन कॉल वॉइस ओवर (इंटरनेट) प्रोटोकॉल वीआईपी के जरिए किया गया है। कोतवाली पुलिस ने फोन धारक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुर कर दी है। वहीं साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है। जानकारी के मुताबिक शैलेन्द्रनगर निवासी रुपचंद का कृषि उपकरणों का कारोबार करते है। उनकी तीन बेटियां हैं। कारोबारी को व्हाट्सएप में अज्ञात नंबर से एक वॉइस मैसेज भेजा गया। उसके कुछ ही देर बाद व्हाट्सएप कॉल कर जान से मारने की धमकी और उसकी बेटी को किसी भी वक्त किडनैप करने की धमकी दी। इतना ही नही इसके एवज में 10 लाख रुपये की मांग की है। तथा प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दी है।अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 384,507 के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### प्लांट के अंदर कमरे में रखा था 20 ड्रम मिट्टी तेल, जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के अटारी गांव के पास एक प्लांट के अंदर कमरे में अवैध रुप से मिट्टी तेल भण्डारन करने की सूचना पर पुलिस ने रेड की कार्रवाही कर 20 ड्रम मिट्टी तेल जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक आमानाका थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 20 अगस्त को शाम 5.30 बजे अख्तर भाई के प्लांट में बना छोटा कमरा ग्राम अटारी में छापामारकर 20 ड्रम मिट्टी तेल जब्त की है। अवैध रुप से मिट्टी तेल रखने के जुर्म में तामेश्वर रत्नाकर पिता सुंदर लाल उम्र 40 वर्ष निवासी कोटा सतनामी पारा थाना सरस्वती नगर रायपुर को गिरफ्तार किया है।

# रायगढ़ छत्तीसगढ़ का पहला शत-प्रतिशत कोविड वैक्सीनेटेड जिला, पहली खुराक का लक्ष्य पूरा

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर दी बधाई

» 10 लाख 42 हजार 625 टीके लगाने का लक्ष्य हुआ पूरा



**रायगढ़ ।** शुक्रवार 20 अगस्त को सारंगढ़ विकासखंड में 1775 लोगों को टीके की पहली डोज लगाते ही रायगढ़ छत्तीसगढ़ का पहला जिला बन गया जहां लक्ष्य अनुसार 18 प्लस के शत- प्रतिशत लोगों को कोविड टीके की पहली खुराक लग चुकी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी जिले की इस उपलब्धि पर सराहना करते हुए ट्वीट कर जिले के अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों और जागरूक नागरिकों सहित सभी को अपनी शुभकामनाएं दीं। कोविड वैक्सीनेशन की शुरुआत से ही कलेक्टर भीम सिंह के नेतृत्व में रायगढ़ जिला पूरे प्रदेश में अव्वल चल रहा है। 20 अगस्त को जिले को फर्स्ट डोज वैक्सीनेशन के लिए मिले लक्ष्य को पूरा कर लिया गया।

**डोर टू डोर पहुंची टीम-** कलेक्टर भीम सिंह के नेतृत्व और सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में कोविड टीकाकरण के लिए टीम डोर टू डोर पहुंची। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ जनप्रतिनिधियों को भी इसमें शामिल किया गया। कलेक्टर भीम सिंह ने लगातार सरपंचों और पार्षदों की बैठकें ली। वैश्विक स्तर पर टीकाकरण के मिल रहे फायदों को बताकर लोगों को टीकाकरण की मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। जल्द से जल्द पूरी आबादी को वैक्सीनेट करने जिला अधिकारियों के नेतृत्व में संयुक्त टीम को फील्ड में उतारकर महाभियान चलाया गया। टीमें लोगों के घर-घर तक पहुंची। हिचक रहे लोगों को टीके के बारे में तथ्यात्मक जानकारी देकर टीका लगवाने प्रोत्साहित किया गया। शासन से लगातार समन्वय कर इतने बड़े पैमाने पर टीके की व्यवस्था कर उसका मोबिलाइजेशन किया गया। जिसका सकारात्मक परिणाम ये निकला कि जिले के सभी 09 विकासखंड में टीकाकरण का लक्ष्य पूरा कर लिया गया। जिले में 18 प्लस आयु श्रेणी में कुल 10 लाख 42 हजार 625 टीके लगाने का लक्ष्य मिला था। कोविड वैक्सीनेशन के मामले में रायगढ़ पूरे प्रदेश में टॉप पर है।

**साझेदारी से पूरी हुयी जिम्मेदारी-कलेक्टर भीम सिंह-** जिले की इस उपलब्धि पर कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि ये स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य सभी विभागों के अधिकारियों से लेकर जमीनी अमले, जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों की आपसी साझेदारी का परिणाम है जो इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पूरी करने में हमे सफलता मिली। एक टीम की तरह सभी ने काम किया। इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आगे कहा कि टीकाकरण के लिए सुनियोजित प्लानिंग, उसका क्रियान्वयन, टीके की उपलब्धता, उसका मोबिलाइजेशन, ग्राउंड लेवल पर लोगों को टीके लगवाने के लिए प्रेरित करना, हिचक रहे लोगों की शंका दूर कर टीका लगवाने की चुनौती इन तमाम पहलुओं पर सभी ने सामूहिक जिम्मेदारी से काम किया जिससे जिले ने वर्तमान वैश्विक महामारी से सुरक्षा और बचाव के परिपेक्ष्य में यह अहम उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि अब आगे सेकेंड डोज वैक्सीनेशन के लिए फोकस रहेगा।

**26 जून को 1 दिन में सबसे अधिक 1 लाख 43 हजार को लगे थे टीके-** रायगढ़ के लिए 26 जून का दिन ऐतिहासिक रहा। कलेक्टर भीम सिंह के नेतृत्व में पूरे जिले में महा टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस दिन पुरे प्रदेश में अब तक एक दिन में सबसे अधिक 1 लाख 43 हजार से अधिक लोगों को टीके लगाने का रिकॉर्ड बनाया गया। टीकाकरण केन्द्रों में लोगों की लम्बी कतारें देखने को मिली, लोगों के उत्साह ने इस अभियान को टीका महोत्सव बना दिया।

## बोगस कस्टमर केयर से कॉलर ने एनिडेक्स साफ्टवेयर इंस्टाल कराकर 4.71 लाख रूपये का किया ठगी

**रायगढ़।** पीड़ित दीपक राय पिता स्व. मदन मोहन राय उम्र 37 वर्ष, अटल आवास कोतरारोड़ में निवासरत है जो डी.बी. पावर प्लांट में सिनियर आपरेटर के पद पर कार्यरत है। दिनांक 16/08/2021 को दीपक राय क्रेड एप के माध्यम से एक्सीस बैंक क्रेडिट कार्ड में 21,652/- रुपए जमा किया था पर उसके कार्ड में रूपये जमा नहीं हो पाया पर खाते से 21,652/- डेबिट बता रहा था। उसके दो दिन बाद दिनांक 18/08/2021 को दीपक राय गुगल से सर्च कर क्रेड एप कस्टमर केयर से बात किया। कस्टमर केयर से अज्ञात कॉलर दीपक को मोबाइल पर एनिडेक्स साफ्टवेयर इंस्टाल करने को बोला, तब दीपक साफ्टवेयर इंस्टाल किया। उसके बाद अज्ञात आरोपी इसके मोबाइल को एनीडेस्क सॉफ्टवेयर से हैककर




दीपक के एक्सीस बैंक क्रेडिट और एसबीआई क्रेडिट कार्ड से कुल 4,71,416/- रूपये ट्रांजेक्शन कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर थाना कोतवाली में मोबाइल नम्बर 751866××××× के धारक के विरूद्ध अप.क्र. 1176/2021 धारा 420 आईपीसी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## कोर्रापानी जंगल से सायकल पर महुआ शराब ला रहा युवक गिरफ्तार

» आरोपी से 20 लीटर महुआ शराब जप्त, चौकी कनकबीरा पुलिस की कार्रवाई

**रायगढ़।** दिनांक 21.08.2021 को पुलिस चौकी कनकबीरा प्रभारी उप निरीक्षक एमडी जायसवाल एवं हमराह स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर कोर्रापानी जंगल जाने वाले रास्ते पर आरोपी युवक को सायकल पर शराब लेते हुये पकड़ा गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक कोर्रापानी जंगल रास्ते से महुआ शराब लेकर आ रहा है।



सूचना पर चौकी प्रभारी द्वारा हमराह प्रधान आरक्षक रंजीत तिर्की, बीट आरक्षक गुलशन चौधरी के साथ मेन रोड़ पर नाकेबंदी कर पकड़ा गया है। आरोपी दिलीप सारथी पिता मुरलीधर सारथी उम्र 32 वर्ष सा0 बडे खैरा थाना सारंगढ वर्तमान पता चनामुडा थाना बरमकेला अपने हिरो जेट सायकल के हैंडल पर प्लास्टिक बोरी के झोला अंदर प्लास्टिक थैली में शराब रखा हुआ था। आरोपी से 20 लीटर महुआ शराब कीमती 2,000 रूपये का बरामद हुआ है। आरोपी से अवैध शराब एवं सायकल की जप्ती कर थाना सारंगढ़ (चौकी कनकबीरा) में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है ।

# अज्ञात चोर ने की श्री लक्ष्मी ज्वेलर्स से करीबन 8 लाख चांदी के नये-पुराने जेवरात की चोरी

» सीसीटीवी व डीवीआर भी ले गए साथ में

» सारंगढ़ पुलिस जुटी जांच में, पुलिस की अलग-अलग टीमें कर रही संदिग्धों से पूछताछ

**रायगढ़।** दिनांक 20-21/08/2021 की दरम्यानी रात सारंगढ़ प्रतापगंज रोड़ पर स्थित श्री लक्ष्मी ज्वेलर्स में अज्ञात चोरों द्वारा नकबजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के संबंध में श्रीमती मंजुला केशरवानी (उम्र 47 वर्ष) बताई कि घर से लगा हुआ मेन रोड़ पर ज्वेलर्स दुकान है। दिनांक 20.08.2021 के रात्रि करीब 10.00 बजे खाना खाकर सपरिवार सो गये थे। दिनांक 21.08.2021 के सुबह करीब 05.30 बजे दुकान के बाहर कुछ चांदी के डिब्बे बाहर बिखरे पड़े थे जिसे देखकर चोरी की शंका होने पर दुकान के पीछे तरफ दुकान के सटर को देखी तो सटर टुटा हुआ था। तब अपने पति राजेश कुमार केशरवानी को बुलाई। दुकान अंदर जाकर देखे तो शो-केश एवं दराज में रखा चांदी का जेवर, पायल, बिछीया, करधन, हाथफुल, चांदी का चुड़ी, चैन, बाजूबंध एवं पुराने चांदी का जेवर जो




बदली में था कीमती करीब 08 लाख रूपये, सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर, पावर सप्लायर, एटीएम स्वाईप मशीन,बाल्टी, पुराना साड़ी को कोई अज्ञात चोर आंगन के बाउंड्री पार कर दुकान के पीछे का सटर तोड़कर चोरी कर ले गया था। चोरी की रिपोर्ट पर थाना सारंगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 503/2021 धारा 457,380 आईपीसी का अपराध दर्ज किया गया है। एसडीओपी सारंगढ़ एवं थाना प्रभारी सारंगढ़ अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज लिया गया है। पुलिस डॉग की भी सहायता ली गई है। रायगढ़ मुख्यालय से अतिरिक्त बल माल मुलजिम की शीघ्र पतासाजी के लिए सारंगढ़ भेजा गया है। पुलिस की अलग-अलग टीमें संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 732.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक 1 जून 2021 से अब तक राज्य में 732.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 21 अगस्त तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार सुकमा जिले में सर्वाधिक 1083.6 मिमी और बालोद जिले में सबसे कम 475.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 616.7 मिमी, सूरजपुर में 937.7 मिमी, बलरामपुर में 772.4 मिमी, जशपुर में 756.6 मिमी, कोरिया में 785.0 मिमी, रायपुर में 603.9 मिमी, बलौदाबाजार में 712.3 मिमी, गरियाबंद में 620.1 मिमी, महासमुंद में 585.4 मिमी, धमतरी में 610.6 मिमी, बिलासपुर में 769.4 मिमी, मुंगेली में 718.7 मिमी, रायगढ़ में 644.0 मिमी, जांजगीर चांपा में 765.8 मिमी, कोरबा में 1063.2 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 862.6 दुर्ग में 662.0 मिमी, कबीरधाम में 593.9 मिमी, राजनांदगांव में 553.6 मिमी, बेमेतरा में 846.7 मिमी, बस्तर में 730.9 मिमी, कोण्डागांव में 724.0 मिमी, कांकेर में 616.3 मिमी, नारायणपुर में 819.1 मिमी, दंतेवाड़ा में 781.3 मिमी और बीजापुर में 799.2 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

# चंद्रा समाज ने बच्चे के इलाज के लिए सिर्फ 15 दिन में 3 लाख रुपए चंदा किए

» लिवर की गंभीर बीमारी से ग्रसित है देवराज, ईलाज के लिए चाहिए था 25 लाख रुपए

**रायगढ़।** एक मध्यम वर्गीय परिवार के लिए ईलाज का भारी रकम वहन कर पाना असंभव होता है, परंतु समाज की एकता से बड़ी से बड़ी बीमारी के ईलाज का खर्च को वहन किया जा सकता है। ऐसा ही एक मामला चंद्रा समाज में देखने को मिला है जहां समाज के लोगों द्वारा एक पीड़ित परिवार के मदद के लिए मात्र 15 दिन में 3 लाख रुपए चंदा किये।

छह वर्षीय बालक देवराज चन्द्रा पिता सहनी राम चन्द्रा ग्राम सुखदा डभरा छत्तीसगढ़ का निवासी है। जो लिवर की गम्भीर बीमारी (विल्सन) से ग्रसित है। जिसका इलाज हैदराबाद में चल रहा है। बच्चे का लिवर सिर्फ 15 प्रतिशत काम कर रहा है इसके लिए इसके पिताजी का 40 प्रतिशत लिवर काटकर इस पर



ट्रांसप्लांट किया जाएगा। जिसमें लगभग 25 लाख रुपये की लागत आ रही है। ये बात जब उनके स्वजातियों को अवगत हुई तो समाज के केंद्रीय अध्यक्ष रामरतन चन्द्रा तथा केंद्रीय युवाध्यक्ष महेन्द्र गुड्डू चन्द्रा ने समाज के लोंगो से बच्चे की इलाज हेतु सहयोग की अपील की है। जिसके बाद सिर्फ 15 दिनों में लगभग 3 लाख रुपये की राशि चंदा स्वरूप एकत्रित कर के बच्चे के इलाज हेतु पीड़ित परिवार को प्रदान करते हुए सामाजिक एकता का परिचय दिया गया है। जिसके बाद मास्टर देवराज को इलाज हेतु हैदराबाद भेजा गया है। पूरा समाज उस बच्चे के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहा है और उसके स्वस्थ होकर वापस आने की राह ताक रहा है। ज्ञात हो कि रामरतन चन्द्रा चंद्रनाहू समाज के लगातार दूसरी बार निर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष हैं और उनके कार्यकाल में समाज विकास की लगातार बुलंदियों को छू रहा है। इनके कार्यकाल में ये चौथी ऐसी घटना है जिसमें समाज के गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मुहिम चलाकर लाभ प्रदान की गई है। इनके कार्यकाल में ख़ासकर गरीब परिवार के लोंगो में खुशी की लहर दौड़ रही है।

# वर्मी और सुपर खाद विक्रय कर स्व सहायता समूह की महिलायें बन रही आत्मनिर्भर

» महापौर एवं कमिश्नर ने दिए 2 लाख 33 हजार 828 रू के चेक

**रायगढ़ ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम रायगढ़ को वर्मी खाद और सुपर खाद विक्रय से कुल 714550 रुपये राशि प्राप्त हुआ, जिसमें कुल 233828 रुपये राशि स्व सहायता समूहों की महिलाओं को लाभांश प्राप्त हुआ हैं।स्वच्छ भारत सिटी लेवल फॉउंडेशन की महिलाओ को महापौर जानकी अमृत काटजू और आयुक्त एस. जयवर्धन ने कार्डबोर्ड चेक के माध्यम से सम्मानित किया।



छत्तीसगढ़ सरकार के गौधन न्याय योजना द्वारा रायगढ़ क्षेत्रान्तर्गत स्वच्छ भारत सिटी लेवल फॉउंडेशन के तहत ट्रांसपोर्ट नगर, बांझीनपाली, आशीर्वाद पुरम और विनोबा नगर के स्वच्छता दीदियों द्वारा अभी तक कुल 9175 क्विंटल गोबर खरीदी किया गया है तथा कुल 2088 क्विंटल वर्मी खाद एवं 631 क्विंटल सुपर खाद उत्पादित हुआ है, जिसमें कुल 1824 क्विंटल वर्मी खाद और 93.60 क्विंटल सुपर खाद विक्रय किया गया हैं।आज निगम की महापौर जानकी काट्जू और आयुक्त एस जयवर्धन के हाथों स्व सहायता समूह की महिलाओं को चेक देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम दौरान एम.आई.सी. सदस्य विकास ठेठवार, पी.आई.यू.प्रहलाद तिवारी,विकास पटेल,गोधन सुपरवाइजर सरोजनी नवरंग, पूजा बाघ,प्रियंका साहू उपस्थित रहे।

महापौर जानकी काट्जू ने बताया हमारे छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री जी के गौधन न्याय योजना अब साकार होने लगी है गोबर से बने वर्मी खाद और सुपर कंपोस्ट खाद की बिक्री से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है।

गोबर से धन का आवक हमारे लिये बहुत बड़ी उपलब्धि है जब पूरे छत्तीसगढ़ में गौधन न्याय योजना धरातल पर आएगी तो निश्चित ही राज्य की आर्थिक खरीदी स्थिति सुदृढ़ होगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480